# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

**दिनांक–07 अप्रैल 2024** **7:20 AM**

- भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल प्रदेश के सहारनपुर में चुनावी रैली को किया सम्बोधित, गाजियाबाद में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में रोड शो का नेतृत्व किया
- बसपा नेता आकाश आनंद ने नगीना लोकसभा क्षेत्र से चुनाव प्रचार की शुरूआत की, भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी किया चुनाव प्रचार
- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के नामांकन पत्रों की जांच पूरी, इक्यासी नामांकन पत्र किये गये निरस्त
- अयोध्या के श्रीरामलला मंदिर और मिर्जापुर के मां विन्ध्यवासिनी मंदिर में चैत्र नवरात्र की तैयारियां शुरू

**********

प्रदेश में विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं द्वारा लोकसभा चुनाव के लिये प्रचार अभियान तेज हो गया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल सहारनपुर में चुनावी रैली और गाजियाबाद में रोड–शो किया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उनके साथ मौजूद रहे। सबसे पहले प्रधानमंत्री ने सहारनपुर में पार्टी के उम्मीदवार राघव लखनपाल और कैराना से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह चुनाव केवल सरकार गठन का चुनाव ही नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत का चुनाव है। उन्होंने कहा कि यदि इरादा सही है तो परिणाम भी सही होगा। श्री मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के काम करती है और हम चाहते हैं कि हमारी नीतियां प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे और इसके लिये हमने दस वर्षों तक काम किया है। यही वास्तविक धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सोच यही है कि सरकार की योजनाएं हर वर्ग, हर जाति, हर व्यक्ति तक पहुंचे और इसलिये भाजपा सरकार ने पूरी ताकत से कार्य किया है।

प्रधानमंत्री ने वोकल फॉर लोकल के बारे में बात करते हुए एक जिला एक उत्पाद योजना की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि अभी तक आप लोगों ने जो कुछ देखा है वह मात्र एक ट्रेलर है। विकसित भारत के लिये अभी बहुत कुछ किये जाने की जरूरत है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि हम नए भारत को देख रहे हैं, जो वैश्विक नायक के रूप में जाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्वस्तरीय ढांचागत सुविधाओं के लिए जाना जाता है और भारत विश्व को विकास का मॉडल प्रदान कर रहा है।

**********

बसपा के राष्ट्रीय महासचिव और पार्टी प्रमुख मायावती के उत्तराधिकारी आकाश आनंद ने कल बिजनौर की नगीना लोकसभा सीट से प्रचार अभियान की शुरूआत की। उन्होंने नगीना सुरक्षित क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी सुरेन्द्र सिंह के पक्ष में एक जनसभा को सम्बोधित किया। आकाश ने कांग्रेस और भाजपा पर निशाना साधते हुए मतदाताओं से बसपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील की।

उधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल बिजनौर में दो स्थानों पर चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिये किये जा रहे प्रयासों का ही परिणाम है कि आज भारत की धूम पूरी दुनिया में है।

**********

भारत निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्स ऐप पर प्रसारित हो रहे उस संदेश को गलत बताया है, जिसमें 15 लाख ई.वी.एम. गायब होने का दावा किया जा रहा है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में निर्वाचन आयोग ने कहा कि यह दावा भ्रामक है। यह भी बताया गया कि एक भी ईवीएम गायब नहीं हुई है और सर्वोच्च न्यायालय ने भी ईवीएम अनियमितता वाली याचिका को खारिज कर दिया है। आयोग ने कहा कि विश्वसनीय सूचना के लिए उसके आधिकारिक वेबसाइट को देखा जा सकता है।

**********

लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी बढ़ाने के लिये प्रदेश के विभिन्न जनपदों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसी क्रम में कल चित्रकूट में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत महिला मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये आंगनबाड़ी और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिये जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मऊ में नेहरू युवा केन्द्र और विभिन्न स्कूलों के छात्र–छात्राओं द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के लिये प्रेरित किया गया।

वहीं वाराणसी में चुनावों को व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराए जाने के लिए जिला प्रशासन ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आदर्श आचार संहिता के तहत आने वाले नियमों की जानकारी दी। गोरखपुर जिले में कल नेहरू युवा केंद्र द्वारा वॉल राइटिंग कर मतदाता जागरूकता संबंधी संदेश दिये गये।

**********

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये दाखिल किये गये नामांकन पत्रों की जांच का काम पूरा हो गया है। दूसरे चरण की आठ लोकसभा सीटों के लिये एक सौ पचहत्तर प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किये गये थे। नामांकन पत्रों की जांच में चौरानबे प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाये गये हैं जबकि इक्यासी प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त हुए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण के लिए आठ अप्रैल नाम वापसी की अंतिम तिथि है। दूसरे चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा।

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में जिन आठ सीटों पर मतदान होगा उनमें पीलीभीत सीट का चुनाव भी काफी महत्वपूर्ण है। एक रिपोर्ट–

***पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभाएं आती हैं। इसमें चार विधानसभाएं पीलीभीत जनपद की पूरनपुर, बीसलपुर, बरखेड़ा और पीलीभीत शामिल है। वहीं एक विधानसभा बरेली जनपद की बहेडी भी इसमें शामिल है। भाजपा द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री और उत्तर प्रदेश के मौजूदा कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद को टिकट देने से पीलीभीत सीट महत्वपूर्ण हो गई है। जितेंद्र प्रसाद ऐसे नेता हैं जो पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और नरसिम्हा राव के राजनीतिक सलाहकार तीन बार के सांसद और कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता रहे कुंवर जितेंद्र प्रसाद उर्फ बाबा साहब के सुपुत्र हैं और पीलीभीत जिले में उनकी कोठी का खासा राजनैतिक प्रभाव है। सपा और बसपा प्रत्याशी मुकाबले को त्रिकोणीय बना रहे हैं। पीलीभीत लोकसभा सीट से एक मिथक यह भी जुड़ा हुआ है कि यहां गैर जनपद के व्यक्ति ही सांसद चुने जाते रहे हैं। खास बात यह है कि इस बार के चुनाव में उतरे 10 प्रत्याशियों में से पांच गैर जनपद से ताल्लुक रखते हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए ओम अवस्थी।***

**********

भारतीय जनता पार्टी के पैंतालिसवे स्थापना दिवस पर पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए वर्षों से पार्टी के निर्माण में उनकी कड़ी मेहनत, संघर्ष और बलिदान के प्रति आभार व्यक्त किया है। प्रदेश के अलग अलग जिलों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी की स्थापना दिवस पर विविधि कार्यक्रमों का भी आयोजन किया।

**********

भारतीय जनता पार्टी के नेता और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की उपस्थिति में कल लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में सपा, बसपा और कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इनमें प्रमुख रूप से बसपा के पूर्व सांसद वीर सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री रामनरेश यादव के पुत्र अजय नरेश यादव, सपा से पूर्व विधायक रमेश कुमार कुशवाहा शामिल हैं।

**********

आगामी नौ अप्रैल से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्र की तैयारियां जोरों पर है। रामनवमी के अवसर पर अयोध्या में श्रीराम जन्मोत्सव की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिये श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की कल एक बैठक भी हुई। बैठक के बाद ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि अयोध्या के नगरीय और ग्रामीण इलाकों में सौ से अधिक स्थानों पर एलईडी के माध्यम से श्रीराम जन्मोत्सव का सीधा प्रसारण दिखाया जायेगा। इसके साथ ही पन्द्रह से अट्ठारह अप्रैल के बीच श्रद्धालुओं के लिये रामलला के दर्शन का समय भी बढ़ाया गया है। श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार पड़ रही रामनवमी के अवसर पर पचास लाख से अधिक श्रद्धालुओं के अयोध्या पहुंचने का अनुमान है। इसे देखते हुए ट्रस्ट नें श्रद्धालुओं से अपील की है कि वह अपने घरों पर ही रामनवमी मनायें।

इस बीच, चैत्र रामनवमी मेले को लेकर चौदह अप्रैल से अयोध्या में हाईवे पर अस्थाई बस स्टैंड शुरू हो जाएगा। परिवहन निगम के एआरएम आदित्य प्रकाश ने बताया कि श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था देने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की जा रही है। उन्होंने बताया कि परिवहन निगम एक सौ बीस अतिरिक्त बसों का संचालन करेगा।

उधर, मिर्जापुर जिले में मां विन्ध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल में नौ अप्रैल से शुरू हो रहे चौत्र नवरात्र मेला की तैयारियां भी जोरों पर हैं। मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की  सुविधा के लिये व्यापक बन्दोबस्त किये जा रहे हैं। पूरे मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस की व्यवस्था रहेगी।

**********